कार्यालयः महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।

संख्याः–एमई–3/डीएमएमसीएच/2014/ लखनऊःदिनांकः 26 सितम्बर, 2014

आल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0–2014 के अन्तर्गत् एम0सी0एच0(सी0वी0टी0एस0) पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर आवंटन

- डी0एम0/एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा–2014 के अन्तर्गत् महानिदेशालय स्तर पर आयोजित दो काउंसिलिंग दिनांक–24 जुलाई, 2014 तथा 23 सितम्बर, 2014 के आयोजन के उपरान्त भी हृदय रोग संस्थान कानपुर की एम0सी0एच0 (सी0वी0टी0एस0) **पाठ्यक्रम की 3 सीटों पर आवंटन हेतु** कोई भी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण संस्थान की तीनों सीटें रिक्त हैं तथा उक्त पाठ्यक्रम के अन्तर्गत् दिनांक–30 सितम्बर, 2014 तक समस्त प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जानी है।
- अतः सीटें राजकीय मेडिकल कालेजों के एम0एस0 जनरल सर्जरी उपाधि प्राप्त इच्छुक नियमित चिकित्सा शिक्षकों/पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के चिकित्साधिकारियों से भरे जाने का निर्णय लिया गया है। आवंटन हेतु अभ्यर्थियों की वरीयता का निर्धारण उनके एवं एम0एस0 तथा एम0बी0बी0एस0 के प्राप्तांकों के आधार पर किया जाएगा तथा कम आयु के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
- उक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक, राजकीय मेडिकल कालेजों के एम0एस0 जनरल सर्जरी उपाधि प्राप्त, नियमित चिकित्सा शिक्षक/पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के चिकित्साधिकारियों अपने आवेदन पत्र एवं समस्त प्रमाण पत्रों सहित एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ के टेलीमेडिसिन सेन्टर पर दिनांक 29.9.2014 को पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित आवंटन की कार्यवाही में उपस्थित होने का कष्ट करें।
- उक्त पाठ्यक्रम में आवंटन की कार्यवाही में सम्मिलित होने के लिए सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 15,000/–का बैंक ड्राफ्ट जो कि महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय हो प्रस्तुत करना होगा तथा रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में रू0 1000/–नगद जमा करना होगा।
- इस सुविधा के अन्तर्गत् प्रशिक्षण पर भेजे जाने वाले चिकित्सा शिक्षा विभाग के अभ्यर्थियों से पॉच वर्ष तक राजकीय सेवा करने का बाण्ड भराया जाएगा।
- अद्यतन सूचना विभाग की वेबसाइट www.updgme.in पर प्रदर्शित रहेगी।

(के0के0 गुप्ता)
महानिदेशक